## संपादकीय

# वैक्सीन से पहले एंटीबॉडी थैरैपी की दस्तक

दुनिया इस समय कोरोना वायरस के खिलाफ एक बड़ी जंग लड़ रही है। अन्य बीमारियों की तुलना में कोविड-19 पर सबसे ज्यादा रिसर्च हो रही है। वैज्ञानिकों का मुख्य फोकस वैक्सीन बनाने पर है लेकिन वैक्सीन के उपलब्ध होने की कोई समय सीमा नहीं है। इस अनिश्चितता की वजह से बहुत से वैज्ञानिक कोरोना के वैकल्पिक उपचार के लिए एंटीबॉडी थेरैपी पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एंटीबॉडी दवाओं के बारे में प्रयोगशालाओं से मिल रही रिपोर्टें काफी उत्साहवर्धक हैं। इन दवाओं के विकास में प्रगति को देखते हुए कुछ वैज्ञानिकों का ख्याल है कि इस साल वैक्सीन से पहले ही एंटीबॉडी ट्रीटमेंट उपलब्ध हो सकता है। ध्यान रहे कि हमारा शरीर संक्रमण से लड़ने के लिए प्रतिरोधी तत्व उत्पन्न करता है, जिसे हम एंटीबॉडी कहते हैं। वैज्ञानिकों को काफी पहले यह समझ आ गया था कि शरीर के इस कुदरती गुण का उपयोग बीमारियों के इलाज के लिए किया जा सकता है। 1918 में फैली फ्लू की महामारी के दौरान डॉक्टरों ने यह साबित किया कि फ्लू से ठीक होने वाले मरीजों के ब्लड प्लाज्मा से दूसरे मरीजों को ठीक किया जा सकता है। यह प्लाज्मा एंटीबॉडीज से भरपूर होता है। मेर्स और सार्स जैसी महामारियों में प्लाज्मा थिरेपी काफी उपयोगी सिद्ध हुई थी।

अब कोविड-19 के गंभीर मामलों में भारत सहित कई देश प्लाज्मा ट्रीटमेंट का सहारा ले रहे हैं और इसमें उन्हें सफलता भी मिल रही है। वैक्सीन की तुलना में एंटीबॉडी थेरैपी एक अस्थायी उपचार है। वैक्सीन का फायदा यह है कि इसका असर लंबे समय तक रहता है लेकिन एंटीबॉडी ट्रीटमेंट का असर महीने-दो-महीने तक ही रहता है। हैल्थ वर्कर्स और क्रोनिक बीमारियों वाले मरीजों को वायरस से बचाव के लिए यह थेरैपी बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकती है। कोविड के मरीजों के इलाज में भी एंटीबॉडी थेरैपी का उपयोग हो सकता है। अमेरिका में कोविड के इलाज के लिए करीब 100 दवाएं इस समय विकास के विभिन्न चरणों में हैं। एंटीबॉडी ट्रीटमेंट के लिए वैज्ञानिक 'मोनोकलोनल' एंटीबॉडीज, प्लाज्मा और हाइपरइम्यून ग्लोबुलिन पर रिसर्च कर रहे हैं। इन सभी में एंटीबॉडी को वायरस के खिलाफ लक्षित किया जाता है।

एंटीबॉडी से बनी दवाओं पर अमेरिका में परीक्षण आरंभ हो चुके हैं। मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज को लेकर चार ट्रीटमेंट पर जून में ट्रायल शुरू किए गए। इनमें से दो परीक्षण इंडियानापोलिस स्थित फार्मा कंपनी, इली लिली द्वारा किए जा रहे हैं। लिली द्वारा विकसित एंटीबॉडी का नाम एलवाई-सीओवी 555 है। अस्पताल से बाहर के मरीजों पर इस एंटीबॉडी का दूसरे चरण का ट्रायल चल रहा है। कोविड-19 की रोकथाम और उसके इलाज के लिए एक 'एंटीबॉडी कॉकटेल' तैयार की गई है। इस दवा का ट्रायल तीसरे चरण में पहुंच गया है। वैज्ञानिकों को इस दवा से बहुत उम्मीदें हैं।

कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद शरीर 'वाई' आकार की एंटीबॉडीज उत्पन्न करता है जो वायरस को जकड़ कर उसे नष्ट करने के लिए चिन्हित करती है या उसे स्वस्थ कोशिकाओं को संक्रमित करने में अक्षम बना देती है। कोविड से ठीक होने वाले लोगों के शरीर से ये एंटीबॉडीज निकाल कर उन्हें कोविड पीड़ित व्यक्ति को दिया जाता है ताकि उसकी प्रतिरोधी प्रणाली मजबूत हो जाए। इस उपचार को 'कोंवलेसेंट प्लाज्मा थेरैपी' कहा जाता है। लेकिन प्लाज्मा थेरैपी की अपनी कुछ सीमाएं हैं। विभिन्न मरीजों से लिए गए प्लाज्मा में विभिन्न एंटीबॉडीज का मिश्रण होता है। जर्नल ऑफ क्लिनिकल वायरोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार इनमें से कुछ एंटीबॉडीज वायरस को स्वस्थ कोशिकाओं में दाखिल होने से रोकती हैं जबकि कुछ एंटीबॉडीज खुद संक्रमण न रोक कर दूसरे इम्यून मॉलिक्यूल्स को संक्रमित कोशिकाओं को नष्ट करने के निर्देश देती हैं। प्लाज्मा थेरैपी की इन सीमाओं से निपटने और प्लाज्मा की सीमित सप्लाई पर निर्भरता कम करने के लिए दवा निर्माताओं का ध्यान मोनॉक्लोनल एंटीबॉडीज पर गया है। ये एंटीबॉडीज कोरोना जैसे वायरसों को निशाना बना सकती हैं और लैब में इनका बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा सकता है।

# इंडिगो 2 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को दिखाया जाएगा बाहर का रास्ता




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने खस्ता वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए करीब ढाई हजार कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि खराब वित्तीय स्थिति के कारण वह 10 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। एयरलाइंस में करीब 24 हजार कर्मचारी हैं। इस प्रकार तकरीबन ढाई हजार लोगों की रोजी-रोटी छिन जाएगी। इनमें पायलट और केबिन क्रू समेत सभी श्रेणी के कर्मचारी शामिल हैं। इंडिगो ने कहा कि उसने मार्च और अप्रैल में किसी कर्मचारी का वेतन नहीं काटा। मई से उसने वेतन में कटौती और बिना वेतन अवकाश के उपाय भी अपनाए हैं। इसके बावजूद एयरलाइंस की वित्तीय स्थिति खराब हो रही है। उसके 250 विमानों के बेड़े में कुछ ही इस समय परिचालन में हैं। इसलिए मजबूरी में उसे 10 फीसदी कर्मचारियों को निकालना होगा। निकाले गए कर्मचारियों को नोटिस पीरियड का वेतन तथा राहत राशि दी जाएगी। दोनों मिलाकर कम से कम तीन महीने के वेतन के बराबर होगा। इसके अलावा उनका तथा परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य बीमा इस साल दिसंबर तक वैध रहेगा।

# जूम बेंगलुरु में प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करेगा




**बेंगलुरु(आरएनएस)।** जूम वीडियो कम्युनिकेशंस ने मंगलवार को कहा कि वह भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए बेंगलुरु में एक नया प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करेगी और अगले कुछ वर्षों में प्रमुख पदों पर नियुक्तियां करेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पूरे भारत में उपयोगकर्ताओं द्वारा जूम को बड़े स्तर पर अपनाए जाने के बाद यह फैसला लिया गया। बयान में कहा गया, ''जनवरी से अप्रैल 2020 के बीच भारत में जूम के मुफ्त उपयोगकर्ता साइन अप में 6,700 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।'' कंपनी ने कहा कि उसका एक कार्यालय पहले ही मुंबई में है और वहां दो डेटा केंद्र हैं। कंपनी ने आगे बताया कि बेंगलुरु में विस्तार से उसके मौजूदा अनुसंधान और विकास केंद्रों को मदद मिलेगी। जूम ने कहा कि असाधारण इंजीनियरिंग और आईटी प्रतिभा के कारण उसने बेंगलुरु का चयन किया और जल्द ही वह इंजीनियरों, आईटी, सुरक्षा और कारोबार परिचालन क्षेत्र के पेशेवरों को नियुक्त करेगी। कंपनी ने यह भी कहा कि जब तक कोविड-19 की स्थिति में सुधार नहीं होता है, उसके कर्मचारी घर से ही काम करेंगे। कंपनी ने कहा, ''जूम के लिए भारत रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण देश है और हमें यहां निरंतर वृद्धि और निवेश करने की उम्मीद है।'' जूम के सीईओ एरिक एस युआन ने कहा, ''हम भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान 2,300 से अधिक शिक्षण संस्थानों में मुफ्त में अपनी सेवाएं देकर गर्व महसूस कर रहे हैं और भारत के लोगों तथा सरकार के साथ काम जारी रखने के लिए तत्पर हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम अगले कुछ वर्षों में प्रौद्योगिकी केंद्र के लिए प्रमुख कर्मचारियों को नियुक्त करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें भारत की उच्च-शिक्षित इंजीनियरिंग प्रतिभा को शामिल किया जाएगा।''

## इंग्लैंड सीरीज में शामिल होंगे आमिर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बाएं के हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दौरे में शामिल होंगे। हालांकि आमिर ने पहले निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था। 28 वर्षीय गेंदबाज आमिर टीम में हारिस राउफ की जगह शामिल होंगे जो वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से एक बार फिर संक्रमित पाए गए हैं।

आमिर ने दरअसल इससे पहले अपने दूसरे बच्चे के जन्म के दौरान पत्नी के साथ रहने के लिए सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था।

# एचडीएफसी लाइफ का मुनाफा पहली तिमाही में छह प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 451 करोड़ रुपये हो गया है। निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी ने अप्रैल-जून 2019 में 425 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। एचडीएफसी लाइफ ने एक बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल प्रीमियम संग्रह 10 फीसदी घटकर 5,863 करोड़ रुपये रह गया, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 6,536 करोड़ रुपये था। बीती तिमाही के दौरान पहले साल का प्रीमियम संग्रह भी घटकर 1,021.83 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि के दौरान 1,326.58 करोड़ रुपये था। इसे नए कारोबार में मंदी का संकेत मिलता है। कंपनी ने बताया कि उसने कोरोना वायरस महामारी के चलते मृत्यु दर में किसी प्रतिकूल असर के संबंध में 41 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। एचडीएफसी लाइफ की प्रबंधनिदेशक एवं मुख्य कार्यपालक विभा पाडलकर ने कहा कि कंपनी कोविड19 महामारी से उत्पन्न हालात का सामना करने के लिए अपना समायोजन कर रही है। बुनियादी स्तर पर अब सुधार हो रहा है ताथ कारोबार माह दर माह तेज होने लगा है।

## जो रूट ने सुपर स्टार बेन स्टोक्स को दिया नया नाम



**मैनचेस्टर।** कप्तान जो रूट का मानना है कि इंग्लैंड की टीम में महान खिलाड़ी है और 'मिस्टर इनक्रेडिबल' बेन स्टोक्स के लिए कोई सीमा नहीं है। रूट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में स्टोक्स के मैच विजयी प्रदर्शन से सीरीज में बराबरी हासिल करने के बाद यह बात कही। स्टोक्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की 113 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस आलराउंडर ने पहली पारी में 176 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेलने के अलावा दूसरी पारी में 57 गेंद में नाबाद 78 रन की तेजतर्रार पारी खेली। स्टोक्स ने तीन विकेट भी चटकाए जिससे उन्हें मैन आफ द मैच का पुरस्कार मिला।

रूट ने मैच के बाद कहा, 'सभी समझते हैं कि हम ऐसे खिलाड़ी को देख रहे हैं तो अपने खेल के शीर्ष पर है, विश्व क्रिकेट में शीर्ष पर, जो लगातार योगदान दे रहा है।' उन्होंने कहा, 'हमें इसे संजोकर रखना होगा, सराहना करनी होगी और हमें समझना होगा कि हमारे पास महान खिलाड़ी है और हम उसका अधिक दोहन नहीं करें।'

## प्यार का पंचनामा 2 नेटफ्लिक्स पर हो रही ट्रेंड, खुश हुए कार्तिक



कार्तिक आर्यन इस समय बहुत खुश और उत्साहित हैं क्योंकि उनकी फिल्म प्यार का पंचनामा 2 नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड हो रही है। इस फिल्म सीरीज ने उन्हें सबसे ज्यादा प्रसिद्धि दी है। लिहाजा अभिनेता खुद को पंचनामा बेबी कहते हैं।

प्यार का पंचनामा 2 हाल ही में स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई और यह जल्द ही इस पर ट्रेंड करने लगी। यह ओटीटी मंच आमतौर पर ट्रेंडिंग फिल्मों को प्रदर्शित करता है और दिखाता है। प्यार का पंचनामा 2 प्लेटफार्म पर आते ही इंडिया ट्रेंड्स में टॉप 10 की सूची में शामिल हो गयी है।

पूरे लॉकडाउन के दौरान कार्तिक सोशल मीडिया पर भी बहुत सक्रिय रहे हैं और उन्होंने अपने प्रशंसकों का खासा मनोरंजन भी किया है। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म को लेकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली। इसमें उन्होंने अपने प्रशंसकों से प्यार का पंचनामा 2 के उनके पसंदीदा सीन के बारे में पूछा।



# करियर की शुरूआत में काफी संघर्ष किया: गोविंदा

बॉलिवुड के वेटरन ऐक्टर्स में से एक गोविंदा ने कई सालों तक सिल्वर स्क्रीन पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। गोविंदा की ऐक्टिंग के अलावा उनका डांस तो आज भी लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देता है। गोविंदा ने बताया है किस तरह से उन्होंने अपने करियर की शुरुआत में संघर्ष के दिन देखे हैं, तब जाकर सफलता मिली है।

गोविंदा ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अपने करियर की शुरुआत के संघर्ष के बारे में बताया है। ऐक्टर ने कहा कि उन्हें किसी भी प्रड्यूसर से मिलने के लिए पहले घंटो इंतजार करना पड़ा है और कोई भी उन्हें इंडस्ट्री में नहीं जानता था। इतना ही नहीं कई लोगों ने उन्हें यह भी कहा कि वह इस इंडस्ट्री में अपना करियर नहीं बना पाएंगे।

ऐक्टर ने आगे कहा कि कई अन्य पॉप्युलर ऐक्टर्स को भी अपने शुरुआती करियर में संघर्ष का सामना करना पड़ा था लेकिन उनका दृष्टिकोण इस इंडस्ट्री में गला-काट कॉम्पिटिशन को लेकर है। बॉलिवुड में कुछ लोग हैं जो बिजनेस को कंट्रोल करते हैं लेकिन उन्हें इस बात की खुशी है कि अब समय बदल रहा है।

वेटरन ऐक्टर ने कहा कि उनकी कुछ फिल्में सही तरह से रिलीज नहीं हो पाने के कारण अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहीं, जिनसे उन्हें काफी उम्मीद थी। इस समस्या से बहुत से लोगों को जूझना पड़ता है।

# फ्रिज में रखा खाना नहीं खाना चाहिए करता है धीमे जहर का काम

बचे हुए खाने को फ्रिज में स्टोर कर दोबारा खाने के पीछे हमारा यह लॉजिक भी होता है कि भोजन बर्बाद नहीं करना चाहिए। हम फूड सेफ्टी को बढ़ा रहे हैं। ताकि अन्न व्यर्थ ना जाए...यह बात बहुत अच्छी है लेकिन फूड के लिए हमारी सेहत के लिए नहीं! जानें क्या है इसका कारण...

**ज्यादातर लोगों को नहीं पता यह बात -** फ्रिज में रखे खाने को हम मान लेते हैं कि आज पकाकर रखेंगे तो अगले 2-3 दिन आराम से काम चल जाएगा...शहरों में आमतौर पर यही स्थिति है, खासतौर पर वर्किंग लोगों के साथ। लेकिन आपको बता दें कि अगर आप बचा हुआ खाना दोबारा उपयोग करना चाहते हैं तो फ्रिज में रखते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना होगा।

**लंबे समय तक खाना फ्रेश रखने के लिए-** -आमतौर पर हम अपने फ्रिज में कच्चा और पका हुआ दोनों तरह का फूड साथ रख देते हैं। यानी जिस रो में कच्ची सब्जी रखी है, उसी के बराबर में पकी सब्जी भी रख देते हैं। लेकिन ऐसा करना हमारे फ्रिज में बैक्टिरिया के बढ़ने की वजह बन सकता है।


-कच्चे और पके हुए खाने को अलग-अलग रो में और अगल बर्तनों में ढंककर रखना जरूरी होता है। ताकि कच्चे फूड के बैक्टीरिया, पके हुए भोजन में जाकर उसे दूषित ना कर सकें। बेहतर होगा कि आप पके हुए भोजन को स्टील के टिफिन्स में बंद करके रखें।

**कितने दिन में खत्म करें चावल?-** फ्रिज में रखे पके हुए चावल को हम सबसे अधिक सुरक्षित और लंबा चलनेवाला भोजन मानते हैं। लेकिन अगर आप चाहते हैं कि चावल आपको पूरा पोषण दें और आपका पाचन भी ठीक रखें तो आपको फ्रिज में रखने के 2 दिन के अंदर ही इन चावलों को खा लेना चाहिए।

## शब्द सामर्थ्य- 90

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 89 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू-दोकू- 90

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 89 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## आज का राशिफल

**मेष:**यदि आप किसी काम के लिए संकल्प लेंगे तो वह कार्य पूर्ण हो जाएगा। किसी का एडमिशन हो या फिर यात्रा आदि की व्यवस्था करना या फिर किसी जरूरी वस्तु की खरीद या फिर कहीं अटका हुआ पैसा निकालना।

**वृषभ:**आप अपने सभी कामकाजी गतिविधियों को जरूरत के मुताबिक संचालित करने में सफल रहते हैं।

**मिथुन:**यदि आप अपने करियर में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं तो अभी परिस्थितियां ठीक नही हैं।

**कर्क:**आज के दिन किसी नए प्रोजेक्ट पर आपका ध्यान आकर्षित होगा। हो सकता है इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक सपॉर्ट मिल जाए।

**सिंह:**अगर सैर-सपाटे की योजना बन रही है तो यात्रा आदि के लिए कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी आपको पूरे करने होंगे।

**कन्या:**आपकी मनोदशा कुछ तनाव ग्रस्त रहेगी। यदि आप किसी प्रेम प्यार के दायरे का खुलासा करते हैं तो कहीं न कहीं से पारिवारिक वातावरण अधिक नुकसानदायक हो सकता है।

**तुला:**तीर्थयात्रा आदि का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों की खातिर के लिए कुछ धन की भी व्यवस्था करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक:**अपने बिजनस या जॉब प्रोस्पेक्टस को सुधारने के लिए कार्यक्रम में परिवर्तन करना आवश्यक होगा।

**धनु:**किसी खास सदस्य के खराब स्वास्थ्य के कारण घर-परिवार का वातावरण कुछ अवसादपूर्ण रहेगा। तनाव से उबरने का रास्ता यही है कि आज आप किसी मनोरंजक यात्रा पर निकल पड़ें।

**मकर:**शारीरिक शिथिलता और अस्वस्थता खत्म होती जाएगी। आपके द्वारा किए गए उपाय या योग आदि का अच्छा परिणाम मिलने लगेगा।

**कुंभ:**आज आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा। कठोर प्रकृति का व्यक्ति नजरों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा।

**मीन:**आज आप कुछ मायूसी के मूड में रहेंगे। युवा वर्ग को दाम्पत्य जीवन अथवा प्रेम संबंधो को लेकर शिकायत रहेगी। जीवनसाथी का भरोसा जीतना जरूरी होगा।